चपले कॉलेज में व्याख्यान माला आयोजित

रायगढ़@किरणदूत

नवीन शासकीय महाविद्यालय चपले में मंगलवार को प्राचार्य डॉक्टर राकेश तिवारी के मार्गदर्शन में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया, जिसकी संयोजक सहायक प्राध्यापक हिंदी डॉ प्राची थवाईत रहीं। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित महात्मा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया के प्राध्यापक एवं विभाग अध्यक्ष डॉ रमेश कुमार टंडन जी रहे जिन्होंने हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा के उद्भव एवं विकास पर व्यापक चर्चा करते हुए बच्चन जी के साहित्य और जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने अपनी एक स्वरचित कविता भी सुनाई जो काफी मार्मिक और भाव विभोर करने वाली थी। डॉ प्राची थवाईत ने समाज एवं परिवार का बच्चन जी के कवि व्यक्तित्व पर प्रभाव एवं उनकी रचनाओं पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक राजेश कुमार लहरे ने किया। सहायक प्राध्यापक मेहर लाल पटेल जी ने बच्चन जी के

अनुदित साहित्य पर व्याख्यान दिया तथा सहायक प्राध्यापक सफेद कुमार मेहर सर जी ने बच्चन जी द्वारा रचित अग्निपथ कविता का वाचन कर छात्र-छात्राओं में उत्साह जागृत किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक आशीष बरगाह, सहायक प्राध्यापक छाया सिदार, सहायक प्राध्यापक संगीता सिदार, ग्रंथ पाल जयमांझी, सहायक प्राध्यापक सुब्रत मंडल सहायक प्राध्यापक प्रमिला कंवर एवं हिमांशु यादव, रानी वैष्णव, भानु प्रभा खलखो, जगदीश पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी गोविंद सिंह राठिया द्वारा धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।